UP: शाहजहांपुर में 67500 के नकली नोट के साथ 3 गिरफ्तार, असली नोटों में मिलाकर चलाते थे

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में पुलिस ने बड़ी मात्रा में फेक करेंसी के साथ तीन बदनाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपी इन नकली नोटों को लखनऊ से लाकर शाहजहांपुर में अलग-अलग तरीकों से बाजार में चलाते थे. इनके पास से पुलिस को 67500 के नकली नोट बरामद हुए. साथ ही पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को सीज किया है. मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे पुलिस ने इन्हें बरेली मोड़ के पास पुल के किनारे से गिरफ्तार किया. दरअसल चौक कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग शाहजहांपुर में नकली नोट बाजार में खपाने की तैयारी कर रहे हैं. इसके बाद पुलिस ने लखनऊ के रहने वाले नीरज कुमार शुक्ला और शाहजहांपुर के रहने वाले विवेक मौर्य और जबर सिंह को गिरफ्तार किया. इनके पास से 100, 200 और 500 नकली नोट बरामद हुए हैं. जो कुल 67 हजार 5 सौ रुपये हैं.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/three-arrested-with-fake-currency-three-arrested-saharanpur-uttar-pradesh-lclar-1968986-2024-06-19